प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन भविष्य में यांत्रिक मेधा के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्ट–अप से जुड़े लोग उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा विश्व भर के नेता यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी यांत्रिक मेधा की सहायता से प्राचीन ग्रंथों, ज्ञान और पांडुलिपियों का संरक्षण कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने रमजान के महीने और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने ''वोकल फॉर लोकल'' के मंत्र को भी दोहराया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी।

आपदा राहत

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों को किराए के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 8 करोड़ 97 लाख 90 हजार रुपये जारी किए हैं। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये राशि उन परिवारों को जारी की गई है, जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे, या रहने योग्य नहीं है। शहरी क्षेत्रों मे 10 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपये प्रति परिवार किराया सहातया के रूप में दिए जा रहे हैं। पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में 16 हजार 4 सौ 88 परिवार प्रभावित हुए। इनमें से 2 हजार 2 सौ 46 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए जबकि 7 हजार 8 सौ 88 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है और लगातार शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला ले रही है। नाहन में आज मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के अनेक कॉलेजों और स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बिंदल ने कहा कि दूर–दराज के इलाकों में लोगों की मांग के अनुसार ही ये शिक्षण संस्थान खोले गए थे लेकिन इन्हें बंद कर राज्य सरकार सैंकड़ों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने युवा कांग्रेस द्वारा ए.आई. समिट का विरोध किए जाने को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदर्शन ने देश को शर्मसार किया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछले 3 वर्षों में शिक्षा विभाग ने 7 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं जबकि 4 हजार पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आज चंबा ज़िले में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चनेड के विज्ञान खंड का शिलान्यास और साच स्कूल के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी शामिल है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन– शून्य फीसदी है। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन चंबा ज़िले में सर्वाधिक है, जिसके लिए विभाग के सभी कर्मचारी सराहना के पात्र हैं।

क्रिकेट टी–20 विश्व कप

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रही। सुपर–8 में, पहले ग्रुप में भारत, जिम्बाब्वे, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका व दूसरे ग्रुप में पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में तीन–तीन मैच खेलेगी और शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।